**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 01 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 के प्रारम्भ होने पर नवागुंतक विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के स्वर्णिम गरिमायी इतिहास तथा परंपरा से परिचित कराने हेतु विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम एस.आई.पी. का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के नियंत्रक डा. पंकज शुक्ला मुख्य अतिथि तथा श्री प्रबोध खेर, ब्रिटेनिया इन्ड्रस्टीज लिमिटेड, पंतनगर के संयंत्र प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने तथा विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय गान प्रस्तुति के साथ हुआ। अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय ने अपने स्वागत अभिभाषण का आरम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा नवागुंतक विद्यार्थियों हेतु भेजे गये शुभाशीष के साथ किया। डा. जादौन ने नवागुंतक विद्यार्थियों को महाविद्यालय की परम्परा एवं महाविद्यालय द्वारा प्राप्त की गयी विशिष्ट उपलब्धियों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि डा. पंकज शुक्ला ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा प्रबंधन में आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन तथा वित्तीय प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि श्री प्रबोध खेर ने मानव संसाधान प्रबंधन के विषय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को क्या महत्वपूर्ण है और क्या तात्कालिक है के बीच में अन्तर को समझते हुए समय प्रबंधन के साथ कुशलतापूर्वक कार्य करने हेतु उनका आह्वाहन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. आशुतोष सिंह, डा. मुकेश पाण्डेय एवं डा. सौरभ सिंह ने विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.पी. सिंह; अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह; निदेशक प्रसार एवं संचार डा. जे.पी. जायसवाल; पुस्तकालयाध्यक्ष डा. नीना सिंह आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संयोजक एवं क्रियानवयन में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने अतिउत्साह के साथ प्रतिभागिता की। महाविद्यालय द्वारा यह सात दिवसीय विद्यार्थी प्रेरण कार्यक्रम आने वाले दिवसों में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं अनुसंधान केन्द्रों से भी परिचित करायेगा। कार्यक्रम के अन्त में डा. स्नेहा दोहरे, सहायक प्राध्यापक द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



*दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते नियंत्रक डा. पंकज शुक्ला।*